# आवारा कुत्तों पर नियंत्रण को लेकर एमआईसी ने दी मंजूरी

## बाधियाकरण और टीककरण के लिए 980 रुपए प्रति कुत्ते की दर होगा भुगतान

नवभारत न्यूज

**सतना, 5 मई. शहर में आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए नगर निगम द्वारा कमर कस ली गई है. इसी कड़ी में मंगलवार को आयोजित नगर सरकार के मंत्रिमण्डल की बैठक में संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई. जिसके अनुसार बधियाकरण और टीकाकरण के लिए 980 रु प्रति कुत्ते की दर से निविदा प्राप्त करने वाली एजेंसी को भुगतान किया जाएगा.**

महापौर योगेश कुमार ताम्रकार की अध्यक्षता में मंगलवार को नगर निगम की मेयर-इन-कौंसिल की बैठक आयोजित हुई. इस बैठक में नगर विकास कार्यों से संबंधित 8 प्रस्ताव सहित अन्य प्रस्तावों को मंजूरी दी गई. जिसमें प्रमुख तौर पर शहर में कुत्तों की जनसंख्या के नियंत्रण को लेकर सामने आया प्रस्ताव सम्मिलित रहा. दरअसल शहर में कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण को लेकर नगर निगम द्वारा निविदा आमंत्रित की गई थी. एकल निविदा प्राप्त होने की वजह से पहली बार निरस्त कर दिया गया. वहीं दूसरी बोर सामने आई निविदा में भी यही स्थिति देखने को मिली. लिहाजा निविदा के तृतीय काल में प्राप्त न्यूनतम दर के आधार पर प्राप्त निविदा को स्वीकार कर लिया गया. संविदाकार मां बंगलामुखी सेवा समिति की ओर से 979.99 रु प्रति कुत्ते की दर से निविदा प्रस्तुत की गई थी जो कि न्यूनतम पाई गई. जिसे देखते हुए मंगलवार को आयोजित एमआईसी की बैठक में उक्त निविदा को हरी झण्डी दे दी गई. जिसके अनुसार बाधियाकरण और टीकाकरण करने के लिए संविदाकार को 980 रु प्रति कुत्ते की दर से नगर निगम द्वारा भुगतान किया जाएगा. टीकाकरण के अंतर्गत कुत्तों को रैबीज का टीका लगवाया जाना भी शामिल है. महापौर श्री ताम्रकार के अनुसार आवारा कुत्तों के बधियाकरण और टीकाकरण के संपूर्ण कार्या की निगरानी के लिए 5 सदस्यीय समिति का गठन भी किया गया है.



### नामकरण की स्वीकृति

एमआईसी की बैठक में शहर के कुछ प्रमुख स्थलों के नामकरण से संबंधित प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई. जिसके अनुसार पीएम आवास मुख्य चौराहे का नाम श्री सहस्त्रबाहु महाराज चौक करने और वहां पर भगवान श्री सहस्त्रबाहु महाराज की प्रतिमा स्थापित की जाएगी. बदखर में परशुराम मंदिर के सामने स्थित तालाब का नाम परशुराम सरोवर और उसके सामने स्थित तालाब का नाम नरसिंह सरोवर किया जाएगा. वार्ड क्र. 40 में 150 वर्ष पुराने श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर से लेकर दद्दू चौक का नाम श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर मार्ग होगा. बम्हनगवां की ओर जाने वाले मार्ग का राधापुरम मार्ग के तौर पर जाना जाएगा. शहर के पुरान पावर हाउस चौका का नया नाम अब हुकुमचंद जैन मार्ग होगा. गौरतलब है कि स्व. श्री जैन को श्रमजीवी पत्रकारिता का जनक माना जाता है. इसी कड़ी में राम बिहार कालोनी स्थित पार्क का नाम भगवान परशुराम पार्क, प्रभात बिहार कालोनी स्थित पार्क का नाम स्वामी परमनंद परमहंस पार्क और राजेंद्र नगर गली नं. 8 में स्थित पार्क का नाम पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क होगा.



# परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद महाराज दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे चित्रकूट

- श्री परमहंस आश्रम अनुसुइया जी पर आयोजित भंडारे में होंगे सम्मलित

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 5 मई. यथार्थ गीता के प्रणेता परमपूज्य सदगुरुदेव परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद महाराज का दो दिवसीय चित्रकूट शुभागमन 5 मई को आरोग्यधाम परिसर में हुआ, जहाँ से वह परमपूज्य दादागुरु की पावन भूमि समाधि स्थल श्री परमहंस आश्रम अनुसुइया चित्रकूट जायेंगे एवं वहाँ आयोजित होने वाले दो दिवसीय भंडारे में सम्मलित होंगे।**

गौरतलब है कि परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज प्रसिद्ध भारतीय संत और आध्यात्मिक गुरु हैं, आपको श्रीमद्भागवत गीता की व्याख्या 'यथार्थ गीता' के रचयिता के रूप में जाना जाता है। आपका मुख्य उद्देश्य गीता के ज्ञान को जन-सामान्य की भाषा में समझाना है। यह पुस्तक बताती है कि गीता का ज्ञान केवल अर्जुन के लिए नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवमात्र के लिए भी है, जो सांसारिक दुखों से मुक्ति और आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है। वर्तमान में आप उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर के सक्तेशगढ़ आश्रम में निवास करते हैं। स्वामी जी का जन्म राजस्थान के जोधपुर जिले के ओसियां गाँव में एक भाटी राजपूत परिवार में हुआ था। मात्र 23 वर्ष की आयु में, आपने सत्य की खोज में घर त्याग दिया 1955 में, आप चित्रकूट के अनुसूइया में परमहंस स्वामी परमानंद जी महाराज की शरण में आए। आपने 15 वर्षों तक अपने गुरुदेव के सानिध्य में कठिन साधना की और अंतर्ज्ञान प्राप्त किया। आपने 'यथार्थ गीता' की रचना की, जो गीता का सरल और व्यावहारिक भाष्य है। स्वामी जी का मुख्य आश्रम मिर्जापुर के सकतेशगढ़ में स्थित है। आपकी शिक्षा कर्म, योग और आत्म-साक्षात्कार पर केंद्रित है, आप गुरु को हृदय में धारण करने पर जोर देते हैं।

# मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने लापरवाह अधिकारियों को दिया नोटिस

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 मई, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने 8 लापरवाह अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान में रूचि न दिखाने, लापरवाही बरतने और शासकीय निर्देशों की लगातार उपेक्षा करने पर जनपद पंचायत के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों को नोटिस दिया है।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा जनपद पंचायत जवा नागेन्द्र सिंह, रीवा सुश्री रश्मि गौतम, गंगेव श्रीमती श्रुति त्रिवेदी, रायपुर कर्चुलियान गोविंद नारायण श्रीवास्तव, त्योंथर पुनीत द्विवेदी, सिरमौर सुनीता शुक्ला, नईगढ़ी अनीश पाण्डेय, हनुमना अभिषेक पाण्डेय तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा मऊगंज अनुराग सिंह को नोटिस दिया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत गंगेव के उपयंत्रियों सुरेन्द्र मिश्रा, केएल पट्टा, अरविंद त्रिवेदी तथा मुस्तबा आरिफ एवं जनपद पंचायत हनुमना के उपयंत्रियों वैभव मिश्रा, रूपेश सिन्हा, राजकुमार पटेल, तथा हर्षित पाण्डेय को भी जल गंगा संवर्धन अभियान में लापरवाही बरतने पर नोटिस दिया है। नोटिस का 7 मई तक संतोषजनक उत्तर प्राप्त न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उपयंत्री जनपद पंचायत नईगढ़ी विजय मिश्रा, सुधाकर मिश्रा, श्रीमती संध्या मिश्रा तथा दीपक शर्मा को भी नोटिस दिया है। इसी तरह जनपद पंचायत मऊगंज के उपयंत्री शोभनाथ साकेत, शिवेन्द्र तिवारी, पवन गुप्ता, ददन पाठक तथा बैकुण्ठ शुक्ला को नोटिस दिया गया है।

### नोटिस पाने वालों में रीवा जनपद के अधिकारी भी शामिल

जनपद पंचायत जवा के उपयंत्रियों मोहसिन खान, देवेश शुक्ला, आशीष तिवारी, विमलकांत गौतम, राजेश शुक्ला तथा जनपद पंचायत रायपुर कर्चुलियान के उपयंत्री संतोष मिश्रा, संदीप त्रिपाठी, जितेन्द्र सिंह एवं हरेन्द्र साहू को नोटिस दिया गया है। जनपद पंचायत रीवा के उपयंत्री स्मिता तिवारी, महेश स्वर्णकार, लक्ष्मीकांत तिवारी, अशोक शुक्ला, अरूण पटेल और अजय पटेल को नोटिस दिया गया है। जनपद पंचायत सिरमौर के उपयंत्री राजेश पाण्डेय, राहुल मिश्रा, राजधर द्विवेदी, हीरालाल मिश्रा, भोला पटेल तथा राजीव मरावी को नोटिस दिया गया है. जनपद पंचायत त्योंथर के उपयंत्री एचडी पटेल, प्रभाकर पटेल, मनीष यादव, लक्ष्मीकांत मिश्रा, चितांश नायर तथा मनीष ओझा को नोटिस दिया गया है।

# डीपीओ एवं सीएमएचओ ने संयुक्त रूप से किया आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली,5 मई। कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देशों के परिपालन में आज डीपीओ जीतेन्द्र गुप्ता एवं सीएमएचओ डॉ. पुष्पराज सिंह द्वारा वार्ड क्रमांक 41 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का संयुक्त निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, एएनसी टीकाकरण तथा बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण की विस्तृत समीक्षा की। सीएमएचओ ने मौके पर मौजूद एएनएम और सीएचओ को निर्देशित किया कि क्षेत्र की सभी गर्भवती महिलाओं की एएनसी एवं एचबी जांच नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए।



इस दौरान केंद्र पर उपस्थित एक गर्भवती महिला को बेहतर चिकित्सकीय परामर्श के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय रेफर कर वहां जांच कराने के निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त दोनों विभागों के पोर्टल पर दर्ज गर्भवती महिलाओं के आंकड़ों में पारदर्शिता और समानता बनाए रखने के लिए रिकॉर्ड के मिलान पर विशेष जोर दिया गया, ताकि शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

# जुएं के फड़ में कोतवाली पुलिस का छापा

## घेराबंदी देख आरोपी फड़ छोड़कर भागे

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 मई, पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सतत कार्रवाई के तहत थाना कोतवाली पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।**

पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में यह कार्यवाही संपादित की गई। थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे हैं।

सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी गई। पुलिस की कार्यवाही की भनक लगते ही आरोपी मौके से फरार हो गए, किन्तु स्थल से भारी मात्रा में मशरूका जप्त किया गया। जप्त मशरूका में 07 मोटरसाइकिलें, 03 एंड्रॉइड मोबाइल फोन, नगद राशि कुल अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख 92 हजार 500 शामिल है। इस संबंध में थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 369/26 के तहत जुआ एक्ट एवं अन्य प्रासंगिक धाराओं (एमबी एक्ट) में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। फरार आरोपियों की तलाश हेतु पुलिस द्वारा सघन प्रयास किए जा रहे हैं।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली एवं समस्त थाना स्टाफ की सतर्कता, मेहनत एवं त्वरित कार्यवाही सराहनीय रही।

# सरई आयुर्वेदिक औषधालय बना शोपीस

## डॉक्टर व स्टाफ नदारद, मरीजों को नहीं मिल रहा इलाज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 मई। म.प्र. शासन द्वारा आयुष पद्धति को बढ़ावा देने के दावों के बीच सरई स्थित राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय की स्थिति बेहद खराब सामने आई है। कागजों में संचालित यह औषधालय वास्तविकता में शोपीस बनकर रह गया है, जहां अधिकतर समय ताला लटका रहता है और मरीज इलाज के लिए भटकते नजर आते हैं।**




ग्रामीणों के अनुसार औषधालय में पदस्थ आयुर्वेदिक चिकित्सक और अन्य स्टाफ नियमित रूप से अनुपस्थित रहते हैं। ओपीडी का कोई निश्चित समय नहीं है, जिससे मरीज सुबह से शाम तक इंतजार करने के बाद निराश होकर लौट जाते हैं। स्थानीय निवासी रामकुमार साहू ने बताया कि यहां डॉक्टरों की अनुपस्थिति आम बात हो गई है, जिससे ग्रामीणों को निजी क्लीनिक या जिला अस्पताल का सहारा लेना पड़ रहा है। स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब दवा वितरण पूरी तरह ठप है। औषधालय में महीनों से कोई आयुर्वेदिक दवा उपलब्ध नहीं है। दवा रखने वाली अलमारियां खाली पड़ी हैं, जिससे सामान्य बीमारियों के इलाज के लिए भी लोगों को करीब 60 किलोमीटर दूर सिंगरौली जाना पड़ता है। औषधालय परिसर में सूचना का भी अभाव है। कहीं भी ओपीडी समय, डॉक्टर की उपस्थिति या दवा उपलब्धता से संबंधित कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है। ग्रामीणों ने शासकीय राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना काम के वेतन लिया जा रहा है, जबकि मरीजों को सुविधा नहीं मिल रही। ग्रामीणों ने जिला आयुष अधिकारी और कलेक्टर से तत्काल निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि 7 दिनों के भीतर सुधार नहीं हुआ तो सामूहिक शिकायत और जनआंदोलन किया जाएगा।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक 9 को

**सतना,** रोगी कल्याण समिति जिला चिकित्सालय सतना के कार्यकारिणी समिति की बैठक मई को दोपहर 12 से जिला चिकित्सालय सतना के सभागार में कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। सिविल सर्जन/सचिव, रोगी कल्याण समिति डॉ. अमर सिंह ने संबंधित अधिकारियों से बैठक में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# 24 घंटे के भीतर दो चोरी की घटनाओं का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

- थाना रामपुर नैकिन की चौकी खड्डी पुलिस ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 मई, थाना रामपुर नैकिन की खड्डी चौकी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में थाना रामपुर नैकिन अंतर्गत चौकी खड्डी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम द्वारा 24 घंटे के भीतर दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया सम्पूर्ण माल बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 04 मई 2026 को ग्राम खड्डी खुर्द स्थित ग्राम पंचायत भवन का ताला तोड़कर अज्ञात आरोपी द्वारा हितग्राहियों हेतु रखी व्हीलचेयर कीमत लगभग 8 हजार एवं चौकीदार की साइकिल कीमत लगभग 5 हजार चोरी कर ली गई थी। इसी प्रकार, उसी रात्रि ग्राम के एक दुकानदार के घर/दुकान का ताला तोड़कर मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस क्रमांक एमपी 53 जेडडी 4067, कीमत लगभग 70 हजार चोरी कर ली गई थी। दोनों मामलों में थाना रामपुर नैकिन में पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेहियों से पूंछताछ एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी रामखेलावन बढ़ई पिता रामदीन बढ़ई उम्र 40 वर्ष निवासी खड्डी खुर्द को हिरासत में लेकर पूंछताछ की गई। पूंछताछ में आरोपी ने दोनों चोरी की घटनाएं करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से व्हीलचेयर, साइकिल मोटरसाइकिल (आरोपी द्वारा पार्ट्स अलग कर छिपाई गई) बरामद की गई। आरोपी द्वारा चोरी के सामान को काटकर एवं अलग-अलग हिस्सों में छिपाने का प्रयास किया गया था, जिसे पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया। उक्त कार्यवाही में सउनि नीरज साकेत, प्रधान आरक्षक रामबली, आरक्षक रविंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, अंकित साहू, वेद प्रकाश एवं प्रकाश सिंह का विशेष सराहनीय योगदान रहा।





# सूचना मिलते ही बालिका को खोजने में कामयाब रहा पुलिस का अमला

## रामपुर नैकिन पुलिस की सक्रियता से मिली कामयाबी

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 मई, पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट रवि प्रकाश कौल के मार्गदर्शन में थाना रामपुर नैकिन अंतर्गत चौकी खड्डी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।**

पुलिस के अनुसार दिनांक 04 मई 2026 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री दिनांक 03 मई 2026 को घर से बाहर जाने के बाद वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा तलाश के बावजूद कोई जानकारी न मिलने पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका व्यक्त की गई। प्रकरण पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए संभावित स्थानों पर सघन तलाश की गई। कड़ी मशक्कत के बाद बघवार क्षेत्र के पास बस में बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया। पूंछताछ में बालिका द्वारा बताया गया कि वह पिता की डांट से नाराज होकर घर से चली गई थी। बालिका को वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया, जिससे परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, एएसआई नीरज कुमार, प्रधान आरक्षक रामबली, आरक्षक रविंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह, अंकित साहू, वेद प्रकाश एवं प्रकाश सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

# किसान का 155 बोरी गेहूं उठा ले गए चोर

## चोरहटा थाना क्षेत्र की घटना, अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 मई, रीवा के चोरहटा थाना क्षेत्र में एक किसान की फसल को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। यहां घर के अंदर रखा 155 बोरा गेहूं चोरी हो गया. फिलहाल घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चोरों का अभी तक कोई पता नहीं चल सका है।**

घटना के संबंध में रऊसर हनुमान नगर निवासी बृजवासी प्रसाद मिश्र ने बताया कि वह बीती शाम गेहूं को बोरियों में भरवाकर अपने सामने वाले मकान में चले गए थे, सुबह जब मंडी जाने की तैयारी कर रहे थे तभी पता चला कि गेहूं की बोरियां ही गायब है. पीड़ित किसान की माने तो अज्ञात चोर करीब 155 बोरी गेहूं उड़ा ले गए है।

हालाकि घटना की जानकारी देने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची थी, लेकिन अभी तक चोरों के संबंध में किसी भी तरह की जानकारी नहीं मिली। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर चोरी की घटना हुई है उस मार्ग पर कई सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं, जिसे फरियादी के द्वारा अपने स्तर पर देखा जा रहा है। वही ग्रामीणों का मानना है कि चोरी की घटना ट्रक लगाकर की गई है जिससे घटनास्थल पर ट्रक के पहियों के निशान भी दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित का कहना है कि 14 तारीख को मंडी में स्लॉट बुक था, जहां गेहूं बेचना था, लेकिन उसके पहले ही चोरों ने उसकी मेहनत पर पानी फेर दिया। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस भी आसपास लगे कैमरो की फुटेज खंगाल रही है, माना जा रहा है कि गेहूं की बोरियां ट्रक के माध्यम से रीवा शहर की तरफ लाई गई है।

# नशीली सिरप व शराब की तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 मई, कार में नशीली सिरप व शराब लेकर आ रहे तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. रीवा की सगरा पुलिस को चार पहिया वाहन में नशे की तस्करी की सूचना मिली थी। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध कार को रोक लिया। उसमें सवार दो आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो उसमें 15 शीशी नशीली सिरप और 192 पाव शराब रखी हुई थी**

इस संबंध में सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद थाने के स्टॉप के साथ घेराबंदी की गई, कार को रोक कर उसमें सवार दो आरोपियों को पकड़ा गया जिनकी पहचान मोहित रजक निवासी मलियान टोला, समशुल हक उर्फ राज खान निवासी धोबिया टंकी के रूप में हुई है। आरोपी नशे का सामान कहां से लेकर आ रहे थे इसका पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मुख्य तस्कर तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है।

### खनिज प्रतिष्ठान न्यास मण्डल की बैठक 7 को

मैहर 5 मई, जिला खनिज न्यास प्रतिष्ठान ''न्यास मंडल'' की बैठक कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी की अध्यक्षता में 7 मई को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में आयोजित की गई है।

**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: agmhkmp@fci.gov.in
क्र. आरओ एमपी-11042/1/2024-एचके-आरओ एमपी दिनांक: 04.05.2026
**शुद्धिपत्र**
इस कार्यालय द्वारा जारी समसंख्यक NIT दिनांक 16.03.2026 (GeM Bid No.-GEM/2026/B/7361830), जिसमें पंजीकृत MSE (सूक्ष्म एवं लघु उद्यम) बोलीदाताओं को EMD जमा करने से छूट दी गई है। अब, इसके अतिरिक्त, DPIIT द्वारा मान्यता प्राप्त Startups को भी EMD जमा से छूट प्रदान की जाती है। NIT दिनांक 16.03.2026 के अन्य शर्तें और नियम अपरिवर्तित रहेंगे। किसी विवाद की स्थिति में शुद्धिपत्र का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।
महाप्रबंधक (क्षेत्र)

**आवश्यकता है**
UV फार्मा को सतना, रीवा, कटनी मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (MR) की आवश्यकता है.
योग्यता के अनुसार वेतन
कार्यालय का पता : क्रिस्टकुला चौराहा, पतेरी, सतना (मध्य प्रदेश) पिन 485001
संपर्क नंबर :- 9691686252

प्रवेश प्रारंभ 2026-27
इंडियन चिल्ड्रेन एकेडमी
हायर सेकेंडरी स्कूल गणित । जीव विज्ञान । वाणिज्य । कला
सुविधा- योग्य एवं अनुभवी शिक्षक, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास, प्रेक्टिकल एवं बस सुविधा
नर्सरी से 12वीं / माध्यम : अंग्रेजी, हिन्दी
पताः पोस्ट ऑफिस रोड वैढ़न मोबाइल : 9826861958, 9926391442

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**
**TENDER INVITING e-TENDER**
Online percentage rate bids for the following work is invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria :-

| S. No. | System E-Tender No. | Name of Work | PAC (in lakh) | EMD (in Rupees) | Cost of Bid Document (in Rupees) | Completion Period | Purchase Date of Tender | Date of bid Submission | Opening Date of tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ MPHID_ 505026 | Construction of Boundary wall at Divisional ITI Shahdol District Shahdol (M.P.) | Rs. 84.81 | Rs. 84810.00 | Cost of Form Rs. 10000.00 + GST Rs. 1800.00 = Rs. 11800.00 | 9 Months (Nine Months i/c Rainy Season) | 08.05.2026 at 11.30 AM To 28.05.2026 at 17.30 Hrs. | 29.05.2026 at 17.30 Hrs. | 01.06.2026 at 17.00 Hrs. |

**Note :-** (1). Interested bidders can view the detail of above tender on website **https://www.mpeproc.gov.in.** and **http://www.mpetender.gov.in.** (2). Amendments to NIT, if any shall be published on website only.
**Visit us : www.mphousing.in**
**E-mail :- eednhbsdl@mphousing.mp.gov.in**
M.P. Madhyam/125637/2026
/mphidb
/mphidb
(R.P. Verma, E.E.)
Project Division Shahdol
Mob. : 9406912140

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99